देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 3 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

देहरादून, बुधवार, 25 मार्च 2020

# पेज थ्री

विचार-प्रवाह...वैश्विक अर्थव्यवस्था को झटका





मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 17.0°

26674.03

2 चीन में कोरोना के 78 नए मामले

7 केविन पीटरसन भी चीन पर भड़के

## संक्षिप्त समाचार

### शाहीन बाग खाली, पुलिस ने टेंट हटा सड़क खाली करवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ 15 दिसंबर से शाहीन बाग में धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हटाना दिया है। दिल्ली और नोएडा को जोड़नेवाली इस सड़क पर लगे टेंट को भी हटाया गया। कोरोना वायरस के खतरे के बावजूद ये लोग धरने पर थे। कोरोना की वजह से दिल्ली समेत पूरा भारत लॉकडाउन है। बावजूद इसके मंगलवार को महिलाएं फिर से जुटने लगीं। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को हटा वहां से टेंट उखाड़ दिया गया। साथ ही कुछ को हिरासत में भी लिया गया। शाहीन बाग में महिलाएं पिछले 100 दिनों से धरने पर बैठी थीं।

### चुनाव आयोग ने 55 सीटों पर टाले राज्यसभा चुनाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के कारण चुनाव आयोग ने 26 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव को टाल दिया है। राज्यसभा की 55 सीटों के लिए 26 मार्च को चुनाव होने थे। लेकिन पूरे देश में बढ़ते कोरोना के प्रकोप के कारण इसे टालने का फैसला किया है। अभी नई तारीख की घोषणा नहीं की गई है। कुल 17 राज्यों की 55 सीटों पर चुनाव होना था। चुनाव आयोग की आज हुई बैठक में यह फैसला किया गया। आयोग ने कहा कि अभी देश में चुनाव कराए जाने के हालात नहीं है।

### एससीसी ने स्थगित की ये परीक्षाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे को ध्यान में रखते हुए स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने कई भर्ती परीक्षाओं के मेडिकल एग्जाम को स्थगित कर दिया है। इसके संबंध में एसएससी ने अपनी वेबसाइट पर एक नोटिस जारी किया है। नोटिस के मुताबिक कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

# कोरोना स्पेशल आर्थिक पैकेज बूस्टर जल्द

ब्याज को 18 फीसद से घटाकर नौ फीसद किया गया

## आईटीआर, पैन-आधार लिंक की तारीख बढ़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस से जूझ रही इकॉनमी को आर्थिक पैकेज का बूस्टर मिलने वाला है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसके संकेत दिए हैं। विडियो कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि आर्थिक पैकेज तैयार करने का काम चल रहा है और बहुत जल्द इसका ऐलान कर दिया जाएगा। भारत में पीड़ित मरीजों की संख्या 500 पार कर चुकी है और 10 लोगों की मौत भी हो चुकी है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को इनकम टैक्स एवं जीएसटी के अनुपालन से जुड़े मुद्दों पर कई तरह के राहत का ऐलान किया। सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2018–19 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा को बढ़ाकर 30 जून, 2020 कर दिया गया है। इस अवधि में विलंबित इनकम टैक्स पर ब्याज को 12 फीसद से घटाकर नौ फीसद कर दिया गया है। जीएसटी जमा करने के लिए समयसीमा नहीं बढ़ाई गई लेकिन ब्याज को 18 फीसद से घटाकर नौ फीसद किया गया।

5 करोड़ तक टर्नओवर वाली कंपनियों के लिए जीएसटी रिटर्न फाइल करने में देरी पर फिलहाल जुर्माना नहीं। टीडीएस पर ब्याज 18 पर्सेंट से घटाकर 9 पर्सेंट किया गया। 30 जून 2020 तक 24 घंटे कस्टम क्लियरेंस की सुविधा मिलती रहेगी।



### जीएसटी दाखिल करने की समयसीमा बढ़ी

मार्च, अप्रैल, मई के लिए जीएसटी रिटर्न भरने की तारीख बढ़ाकर 30 जून कर दी गई है। विवाद से विश्वास स्कीम को भी अब 30 जून कर दिया गया है। 31 मार्च के बाद 30 जून तक कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं लगेगा। आधार पैन लिंक करने की आखिरी तारीख बढ़ाकर 30 जून 2020 तक कर दी गई है। वित्त वर्ष 2018–19 के लिए टैक्स रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख बढ़ाकर 30 जून कर दिया गया है।

### अब सीएसआर का फंड दिया जा सकता है

सरकार ने साफ कर दिया है कि कोरोना वायरस से जुड़े कार्यों में अब सीएसआर का फंड दिया जा सकता है। यानी यह फंड अब कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में इस्तेमाल किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को ट्वीट किया कि देश में कोरोना वायरस के प्रसार को देखते हुए सरकार इसे आपदा घोषित करने का निर्णय ले चुकी है। इसलिए यह साफ करना जरूरी है कि कोरोना से लड़ाई में खर्च हुए फंड को सीएसआर एक्टिविटी के अंतर्गत माना जाएगा। वित्त मंत्री ने इस बात के संकेत दिए हैं कि जल्द ही कोरोना वायरस से प्रभावित सेक्टरों के लिए राहत पैकेज की घोषणा की जा सकती है।

## कोरोना को रोकने के लिए यूपी की योगी सरकार ने उठाए और सख्त कदम

# 27 मार्च तक पूरा यूपी लॉकडाउन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए पूरे प्रदेश को लॉकडाउन करने का फैसला किया है। सूबे में अगले तीन दिन यानी 27 मार्च तक लॉकडाउन रहेगा। सीएम योगी ने यह भी कहा कि इस दौरान राज्य की सभी सीमाएं सील की जा रही हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि इस लॉकडाउन के दौरान सूबे में सभी फ्लाइट्स, ट्रेनें, मेट्रो के साथ बसों का संचालन भी पूरी तरह से बंद रहेगा। इससे पहले रविवार को कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए यूपी सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए राज्य के 16 जिलों में लॉकडाउन का फैसला किया था।

रविवार को जिन जिलों में लॉकडाउन का लखनऊ, अलीगढ़, गौतमबुद्ध नगर (नोएडा), कानपुर, वाराणसी, मेरठ, आजमगढ़, गाजियाबाद, गोरखपुर, लखीमपुर खीरी, आगरा, प्रयागराज, सहारनपुर, बरेली, पीलीभीत, मुरादाबाद शामिल थे। इसके बाद सोमवार शाम को जौनपुर में कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद उसे भी लॉकडाउन कर दिया गया था। मंगलवार दोपहर शामली जिले में भी लॉकडाउन का फैसला लेने के बाद सीएम योगी ने पूरे प्रदेश को लॉकडाउन का फैसला किया। सीएम योगी ने यह भी कहा कि अगर किसी जिले में कर्फ्यू की जरूरत पड़ी तो जिलाधिकारी इसपर फैसला ले सकते हैं।

### नोएडा में एक और मरीज की पुष्टि

नोएडा के सेक्टर 147 में एक और कोरोना वायरस के मरीज की पुष्टि हुई है। उत्तर प्रदेश में इसके साथ मरीजों की संख्या 35 हो गई है। इससे पहले आज एक शामली में मामला सामने आया था। मणिपुर में अगले आदेश तक कर्फ्यू लागू कर दिया गया है। बता दें कि मंगलवार सुबह यहा कोरोना वायरस का पहला मामला सामने आया। ब्रिटेन से मणिपुर लौटी एक 23 वर्षीय महिला का टेस्ट पॉजिटिव आया है। यह पूर्वोत्तर में भी पहला मामला है।

### लहृकडाउन में इन पर रोक नहीं

- ■चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा विभाग, गृह एवं कारागार प्रशासन, कार्मिक विभाग, जिला प्रशासन, बिजली कार्यालय और बिलिंग सेंटर, आपदा एवं राहत, राज्य संपत्ति विभाग, सूचना व जनसंपर्क, सूचना प्रौद्योगिकी और अग्निशमन के कर्मचारी।
- ■फल, सब्जी, दूध, डेयरी, किराना और पानी की सप्लाई से जुड़े लोग
- ■सिविल डिफेंस, आपात कालीन सेवाएं और टेलिफोन, इंटरनेट और डेटा सेंटर सेवाओं से जुड़े लोग

## देश में कोरोना से संक्रमण के 533 मामले आये

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश–दुनिया में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। महाराष्ट्र में आंकड़ा 100 के पार, यूं चल रही वायरस से जंग महाराष्ट्र समेत देशभर के कई राज्यों में लॉकडाउन हो चुका है। पूरे देश से अबतक कोरोना से संक्रमण के 533 मामले सामने आ चुके हैं। कोरोना के दुष्प्रभाव की वजह से राज्यसभा चुनाव तक टालने पड़े हैं। वहीं, बात की जाए अगर महाराष्ट्र में कोरोना से संक्रमित लोगों की तो मंगलवार को यह आंकड़ा 101 पर पहुंच गया। महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि इनमें पुणे से आए तीन और सतारा से आया 1 नया

### महाराष्ट्र में आंकड़ा 100 के पार

केस शामिल है। इन सबके बीच सरकार की ओर से जारी निर्देशों का सख्ती से पालन किया जा रहा है। हालांकि, इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि सुबह और शाम के वक्त कुछ घंटों के लिए स्थिति नियंत्रण से बाहर चली जाती है।

उधर, मुंबई की लाइफलाइन पूरी तरह से ठप है। सोमवार की शाम 5 बजे तक बेस्ट परिवर की ओर से 1754 सर्विस चलाई गई। इनमें अतिआवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों को ही सवार किया गया। हालांकि, निजी वाहनों की आवाजाही लगभग प्रतिबंधित है।

## सात महीने बाद रिहा हुए उमर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

5 अगस्त को हिरासत में लिए गए थे उमर

जम्मू। केंद्र सरकार ने नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला के रिहाई के आदेश दिए। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद यानी 5 अगस्त को उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती समेत कई नेताओं को हिरासत में ले लिया गया था।

कुछ दिनों में एक बॉन्ड पर सिग्नेचर कराकर कई नेताओं को रिहा किया गया था । यह बॉन्ड 370 के खिलाफ प्रदर्शन न करने की गारंटी थी। इससे पहले उनके पिता फारूक अब्दुल्ला की नजरबंदी खत्म की गई थी। जम्मू–कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को हिरासत को खत्म करने का फैसला किया गया है।

सरकार के आदेश पर पीडीपी ने कहा कि हम उमर अब्दुल्ला को नजरबंदी से रिहा करने का स्वागत करते हैं और सरकार से महबूबा मुफ्ती और उनके अन्य सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा करने की अपील करते हैं।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in